JAGRAN Josh
your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

# उत्तर प्रदेश सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा विशेष चयन प्रारम्भिक परीक्षा 2008: राजनीति विज्ञान का प्रश्नपत्र

# राजनीति विज्ञान

1. भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या है–
   (A) नौ (B) दस
   (C) ग्यारह (D) बारह
2. 'इण्डिया, जो भारत है, को राज्यों का संघ' (Union of States) कहा गया है–
   (A) अनुच्छेद 1 में
   (B) अनुच्छेद 17 में
   (C) अनुच्छेद 19 में
   (D) अनुच्छेद 25 में
3. भारतीय संविधान को किसने 'अर्ध संघ' (Quasi federal) कहा है?
   (A) डी.डी. बसु (B) एम. वी. पायली
   (C) जेनिंग्स (D) के.सी. व्हेयर
4. निम्नलिखित में से कौन संघवाद की आवश्यक विशेषता नहीं है?
   (A) लिखित संविधान (Written Constitution)
   (B) शक्ति का विभाजन (Division of Power)
   (C) अध्यक्षात्मक शासन
   (D) स्वतंत्र न्यायपालिका
5. भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद 'सांविधानिक उपचारों का अधिकार' सुनिश्चित करता है?
   (A) अनुच्छेद 19 (B) अनुच्छेद 21
   (C) अनुच्छेद 23 (D) अनुच्छेद 32
6. निम्नलिखित में से क्या राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के अन्तर्गत आच्छादित नहीं है?
   (A) राष्ट्रीय स्वतंत्रता का संरक्षण
   (B) लोक स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित करना
   (C) गोवध (Slaughter of Cows) का निषेध
   (D) महिला सशक्तीकरण को सुनिश्चित करना
7. निम्नलिखित में से किस आयोग ने केन्द्र-राज्य सम्बन्धों का अध्ययन किया है?
   (A) ठक्कर आयोग
   (B) शाह आयोग
   (C) मण्डल आयोग
   (D) सरकारिया आयोग
8. भारत के राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग की कार्यवाही कौन शुरू कर सकता है?
   (A) सर्वोच्च न्यायालय
   (B) किसी राज्य का उच्च न्यायालय
   (C) प्रधानमंत्री
   (D) संसद का कोई भी सदन
9. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा मूल कर्त्तव्यों से सम्बन्धित भाग IV (A) को भारतीय संविधान में जोड़ा गया है?
   (A) 40वाँ (B) 42वाँ
   (C) 44वाँ (D) 46वाँ
10. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
   (A) आपात की उद्घोषणा – अनुच्छेद 356
   (B) वित्तीय आपात के बारे में उपबन्ध – अनुच्छेद 360
   (C) संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति – अनुच्छेद 368
   (D) जम्मू-कश्मीर राज्य के सम्बन्ध में अस्थायी उपबन्ध – अनुच्छेद 370
11. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन को संरक्षित करने एवं उनकी दशा सुधारने के लिए अधिकृत है?
   (A) अनुच्छेद 43 A
   (B) अनुच्छेद 48 A
   (C) अनुच्छेद 44
   (D) अनुच्छेद 46
12. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत वित्त आयोग का गठन किया जाता है?
   (A) अनुच्छेद 275
   (B) अनुच्छेद 276
   (C) अनुच्छेद 277
   (D) अनुच्छेद 280
13. यदि भारतीय संघ में एक नए राज्य का सृजन करना हो, तो निम्नलिखित अनुसूचियों में से किसे संशोधित किया जाना चाहिए?
   (A) पहली अनुसूची
   (B) दूसरी अनुसूची
   (C) तीसरी अनुसूची
   (D) पाँचवीं अनुसूची
14. निम्नलिखित में से संविधान का कौनसा अनुच्छेद भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान करता है?
   (A) अनुच्छेद 74 (B) अनुच्छेद 76
   (C) अनुच्छेद 77 (D) अनुच्छेद 78
15. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
   (A) अनुच्छेद 20 – अपराधों के लिए दोषसिद्धि के सम्बन्ध में संरक्षण
   (B) अनुच्छेद 21 – प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण
   (C) अनुच्छेद 23 – मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिषेध
   (D) अनुच्छेद 25 – धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतंत्रता
16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

   **सूची-I**
   (a) संविधान का भाग XV
   (b) संविधान का भाग XVII
   (c) संविधान का भाग XVIII
   (d) संविधान का भाग XX

   **सूची-II**
   1. राजभाषा
   2. निर्वाचन
   3. संविधान का संशोधन
   4. आपात उपबन्ध

   कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

17. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में नगरपालिकाओं के अधिकारों का उल्लेख किया गया है?
   (A) 9वीं अनुसूची (B) 10वीं अनुसूची
   (C) 12वीं अनुसूची (D) 13वीं अनुसूची
18. अनुच्छेद 21A, जो शिक्षा के अधिकार से सम्बन्धित है, को भारत के संविधान में जोड़ा गया–
   (A) 85वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
   (B) 86वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
   (C) 87वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
   (D) 88वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
19. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत, राज्यपाल एक विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है?
   (A) अनुच्छेद 239
   (B) अनुच्छेद 174
   (C) अनुच्छेद 200
   (D) अनुच्छेद 213

20. लोक सभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है?
(A) राष्ट्रपति (President)
(B) उपराष्ट्रपति (Vice-President)
(C) लोक सभा-अध्यक्ष
(D) दोनों सदनों द्वारा निर्वाचित सदस्य

21. निम्नलिखित में से कौनसा कार्य स्थानीय शासन से सम्बन्ध नहीं रखता है?
(A) सार्वजनिक स्वास्थ्य (Public Health)
(B) स्वच्छता (Sanitation)
(C) जन-उपयोगी सेवाएं
(D) लोक-व्यवस्था का अनुरक्षण

22. निम्नलिखित में से कौन निर्णय लेता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है?
(A) वित्तमंत्री
(B) राज्य सभा का सभापति
(C) लोक सभा का अध्यक्ष
(D) भारत का राष्ट्रपति

23. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?
(A) आस्ट्रेलिया – संघीय सरकार
(B) संयुक्त राज्य अमरीका – संघीय सरकार
(C) फ्रान्स – एकात्मक सरकार
(D) कनाडा – एकात्मक सरकार

24. राज्य सभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?
(A) 25 वर्ष (B) 30 वर्ष
(C) 35 वर्ष (D) 40 वर्ष

25. भारतीय संविधान का कौनसा भाग केन्द्र-राज्य सम्बन्धों से सम्बन्धित है?
(A) भाग X (B) भाग XI
(C) भाग XII (D) भाग XIII

26. राजनीतिशास्त्र की परिभाषा किसने 'राज्य के विज्ञान' के रूप में की है?
(A) गार्नर (B) लॉस्की
(C) गिलक्रिस्ट (D) गेटेल

27. सर्वोच्च न्यायालय से किसी विधि के प्रश्न पर परामर्शी-मंत्रणा लेने का अधिकार किसे प्राप्त है?
(A) प्रधानमंत्री
(B) विधिमंत्री
(C) राष्ट्रपति
(D) कोई उच्च न्यायालय

28. भारतीय संविधान का 79वाँ संशोधन अधिनियम सम्बन्धित है–
(A) केन्द्र-राज्य सम्बन्धों से
(B) मौलिक अधिकारों से
(C) संसद की शक्तियों से
(D) लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण से

29. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?
(A) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को केवल मौलिक क्षेत्राधिकार प्राप्त है
(B) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को केवल अपीलीय क्षेत्राधिकार प्राप्त है
(C) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को केवल परामर्शी क्षेत्राधिकार प्राप्त है
(D) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक, अपीलीय तथा परामर्शी क्षेत्राधिकार प्राप्त है

30. भारतीय संघ को 'परम संघ' (Paramount Federation) किसने कहा है?
(A) सी. एच. एलेक्जेण्ड्रोविज
(B) एम.पी. शर्मा
(C) के. सन्थानम
(D) ए. सी. बनर्जी

31. आपातकाल में किसी राज्य विधानसभा का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है–
(A) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(B) राज्य के राज्यपाल द्वारा
(C) राज्य विधान मण्डल द्वारा
(D) संसद (Parliament) द्वारा

32. भारतीय संविधान के किस भाग में अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र का उल्लेख किया गया है?
(A) भाग VIII (B) भाग IX
(C) भाग X (D) भाग XIII

33. किस रिट को जारी करके उच्च न्यायालय अधीनस्थ न्यायालय को कानूनी कार्यवाही करने से रोकता है?
(A) बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)
(B) प्रतिषेध (Prohibition)
(C) अधिकार पृच्छा (Quo-Warranto)
(D) उत्प्रेषण (Certiorari)

34. सार्वभौम (Universal) मानवीय अधिकारों की घोषणा का सम्बन्ध है–
(A) भारतीय संविधान से
(B) फ्रांसीसी क्रान्ति से
(C) राष्ट्र संघ से
(D) संयुक्त राष्ट्र से

35. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद राज्य सभा की संरचना का उल्लेख करता है?
(A) अनुच्छेद 79 (B) अनुच्छेद 80
(C) अनुच्छेद 81 (D) अनुच्छेद 82

36. तदर्थ न्यायाधीशों (Adhoc Judges) की नियुक्ति का उल्लेख भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(A) अनुच्छेद 124 (B) अनुच्छेद 126
(C) अनुच्छेद 127 (D) अनुच्छेद 128

37. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?
(A) राज्यपाल राज्य विधान मण्डल का अभिन्न अंग है
(B) राज्यपाल को राज्य विधानसभा को भंग करने की शक्ति प्राप्त है
(C) राज्यपाल अध्यादेश जारी कर सकता है
(D) राज्यपाल विधान परिषद् के 1/7 सदस्यों को मनोनीत करता है

38. भारतीय संविधान के किस अनुसूची में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के बारे में उपबन्धों का उल्लेख किया गया है?
(A) दूसरी अनुसूची
(B) तीसरी अनुसूची
(C) चौथी अनुसूची
(D) पाँचवीं अनुसूची

39. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं. जिनमें से एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में निरूपित किया गया है–
**कथन (A) :** भारतीय संविधान के अनुसार एक ही व्यक्ति एक साथ दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नहीं हो सकता है.
**कारण (R) :** संविधान के अनुच्छेद 153 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा.
उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही है?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

40. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अन्तर राज्य परिषद् (Inter-State Council) का गठन होता है?
(A) अनुच्छेद 249 (B) अनुच्छेद 263
(C) अनुच्छेद 270 (D) अनुच्छेद 355

41. संविधान का कौनसा भाग पंचायतों की संरचना और शक्तियों से सम्बन्धित है?
(A) भाग IX (B) भाग IXA
(C) भाग X (D) भाग XI

42. 'अ थ्योरी ऑफ जस्टिस' नामक पुस्तक का लेखक कौन है?
(A) बर्लिन (B) फ्राइडमैन
(C) नोजिक (D) रॉल्स

43. निम्नलिखित में कौन राज्य की उत्पत्ति के विकासवादी सिद्धान्त का समर्थक नहीं है?
(A) बार्कर (B) लॉस्की
(C) मैकाइवर (D) कौटिल्य

44. बहुलवादियों के अनुसार सम्प्रभुता की एक प्रमुख सीमा है–
(A) लिखित संविधान
(B) स्वतंत्र न्यायपालिका

(C) अन्तर्राष्ट्रीय कानून
(D) राजनीतिक दल

45. निम्नलिखित में से कौन इसे मानता है कि राज्य एक नैतिक संस्था है?
(A) मार्क्सवादी (B) समाजवादी
(C) आदर्शवादी (D) अराजकतावादी

46. राज्य में सीमित जनसंख्या का समर्थक कौन था?
(A) मैकियावेली (B) रूसो
(C) गार्नर (D) मार्क्स

47. किसके चिन्तन में हमें निरपेक्षवाद और व्यक्तिवाद के तत्व प्राप्त होते हैं?
(A) लॉस्की (B) लॉक
(C) ऑस्टिन (D) हॉब्स

48. जी.डी.एच. कोल समाजवाद की किस विचारधारा के प्रवर्तक हैं?
(A) श्रेणी समाजवाद
(B) फेबियन समाजवाद
(C) प्रजातांत्रिक समाजवाद
(D) मार्क्सवाद

49. सामाजिक समझौता सिद्धान्त के प्रवर्तकों के अनुसार राज्य एक–
(A) प्राकृतिक संस्था है
(B) विकास का परिणाम है
(C) पृथ्वी पर ईश्वर का अवतरण है
(D) मानव निर्मित संस्था है

50. राज्य की उत्पत्ति के निम्नलिखित सिद्धान्तों में से कौनसा एक सिद्धान्त काल्पनिक सिद्धान्त नहीं है?
(A) दैवी उत्पत्ति का सिद्धान्त
(B) सामाजिक समझौता का सिद्धान्त
(C) विकासवादी सिद्धान्त
(D) शक्ति सिद्धान्त

51. लोकप्रिय सम्प्रभुता निहित होती है–
(A) राष्ट्राध्यक्ष में
(B) शासनाध्यक्ष में
(C) न्यायपालिका में
(D) जनता में

52. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं. एक को कथन (A) दूसरे को कारण (R) कहा गया है–
**कथन (A) :** ऐतिहासिक दृष्टि से संप्रभु राज्य सोलहवीं शताब्दी में पश्चिमी जगत् के धार्मिक संघर्षों की देन है.
**कारण (R) :** संप्रभु राज्य के उदय ने राज्य के एकात्मवादी सिद्धान्त को जन्म दिया.
उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं करता है
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

53. यह किसने कहा है कि 'राजनीतिक सिद्धान्त से सम्प्रभुता की अवधारणा निकाल दी जानी चाहिए'?
(A) एच. क्रेब (B) ई. बार्कर
(C) ए.डी. लिण्डसे (D) एच.जे. लॉस्की

54. बहुलवादियों (Pluralists) के अनुसार राज्य का प्रमुख कार्य है–
(A) नागरिकों का सामान्य कल्याण करना
(B) विभिन्न संघों की गतिविधियों को नियंत्रित करना
(C) आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन एवं वितरण नियंत्रित करना
(D) बेरोजगारी भत्ता एवं वृद्धावस्था पेंशन की तरह सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना

55. मार्क्सवादियों के अनुसार राज्य की रचना के पूर्व अस्तित्व में रहा 'आदिम समाज' (The Primitive Society) की विशेषता थी–
(A) यह एक वर्ग-संघर्ष (Class Struggle) का समाज था
(B) यह एक वर्गविहीन (Classless) समाज था
(C) यह एक वर्गीय एवं सहकारी समाज था
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. लोककल्याणकारी राज्य की तरफ ध्यान आकृष्ट करने वाला प्रथम आधुनिक विचारक कौन था?
(A) लीकॉक (B) मैकियावेली
(C) लॉक (D) लॉस्की

57. राजनीतिशास्त्र को मनोविज्ञान, भौतिकशास्त्र और ज्यामिति पर अवलंबित करने वाले विचारक थे–
(A) थॉमस हॉब्स (B) मॉण्टेस्क्यू
(C) रूसो (D) बेन्थम

58. राजनीति शास्त्र के अध्ययन के व्यवहारवादी उपागम (Behavioural Approach) के विकास के लिए उत्तरदायी राजनीतिक वैज्ञानिक कौन था?
(A) कार्ल पॉपर (B) रॉबर्ट डॉल
(C) डेविड ईस्टन (D) एमिल बोरेल

59. "राजनीतिक शक्ति के निर्धारण एवं भागीदारी का अध्ययन है." यह कथन किसका है?
(A) गेटेल
(B) लासवेल एवं काप्लान
(C) डेविड ईस्टन
(D) विलोबी

60. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(A) बोदां : फ्रान्स (B) लॉक : इंग्लैण्ड
(C) रूसो : इटली (D) लेनिन : रूस

61. "विधि वस्तुओं की प्रकृति से उत्पन्न आवश्यक सम्बन्ध है." यह किसने कहा?
(A) हॉब्स (B) लॉक
(C) रूसो (D) मॉण्टेस्क्यू

62. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?
(A) बोदां बहुलवादी (Pluralist) था
(B) रूसो समझौतावादी (Contractualist) था
(C) मोस्का मार्क्सवादी (Marxist) था
(D) हीगेल उदारवादी (Liberal) था

63. निम्नलिखित में से कौन राज्य को महिमामंडित (Glorifies) करते हैं?
(A) बहुलवादी (Pluralists)
(B) मार्क्सवादी (Marxists)
(C) उदारवादी (Liberals)
(D) आदर्शवादी (Idealists)
(E) इनमें से कोई नहीं

64. निम्नलिखित में से कौनसा एक सामान्य इच्छा की विशेषता नहीं है?
(A) यह सदैव उचित (Right) है
(B) यह विवेकपूर्ण (Reasonable) है
(C) यह बहुमत की इच्छा (Will) है
(D) यह स्थायी (Permanent) है

65. कल्याणवादी राज्य अनिवार्यतः संश्लेषण है–
(A) उदारवाद तथा समाजवाद का
(B) समाजवाद तथा साम्यवाद का
(C) साम्यवाद तथा आदर्शवाद का
(D) व्यक्तिवाद तथा फासीवाद का

66. निम्नलिखित में से कौन सार्वजनिक वयस्क मताधिकार के प्रबल विरोधियों (Strong opponents) में एक था?
(A) लॉस्की (B) रूसो
(C) जे.एस. मिल (D) लॉक

67. मनु के अनुसार निम्नलिखित में से कौन राज्य के अंग नहीं है?
(A) राजा (B) पुरोहित
(C) अमात्य (D) कोष

68. निम्नलिखित में से किस चिन्तक ने कहा था कि "तलवार के बिना संविदाएं शब्द मात्र हैं और उनमें वह शक्ति नहीं होती कि वे मनुष्यों की रक्षा कर सके"?
(A) हॉब्स (B) लॉक
(C) रूसो (D) प्यूफेनडॉर्फ

69. "प्रत्येक राज्य अपने द्वारा व्यवस्थित किए जाने वाले अधिकारों से जाना जाता है." यह कथन किससे सम्बन्धित है?
(A) लॉर्ड ब्राइस (B) टी.एच. ग्रीन
(C) रूसो (D) लॉस्की

70. निम्नलिखित में से कौन शिक्षित लोगों को ही मताधिकार देने का समर्थक है?
(A) लॉक (B) रूसो
(C) मिल (D) ग्रीन

71. व्यक्तियों के कार्यों को किसने स्व-सम्बन्धी (Self-Regarding) तथा पर सम्बन्धी (Other Regarding) कार्यों में विभाजित किया?

(A) लॉक (B) बेन्थम
(C) जे.एस. मिल (D) ग्रीन

72. "निर्बल की स्वतंत्रता सबल के प्रतिबन्ध पर निर्भर है तथा निर्धन की स्वतंत्रता धनवानों के प्रतिबन्ध पर निर्भर है." यह किसने कहा है?
(A) आर. एच. टॉनी
(B) एच.जे. लास्की
(C) मैकाइवर
(D) पोलार्ड

73. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं. एक को कथन (A) के रूप में निरूपित किया गया है तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में निरूपित किया गया है–

**कथन (A)** : लोकतंत्र का अभिजन सिद्धान्त (Elite Theory) विचारधारा को महत्व नहीं देता है.

**कारण (R)** : अभिजन सिद्धान्त राजनीतिक व्यवस्था में साम्य तथा स्थायित्व को प्रमुख समस्या समझता है.

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है तथा (R) गलत है
(D) (R) सही है तथा (A) गलत है

74. "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" नामक पुस्तक का लेखक कौन है?
(A) तिलक (B) गांधी
(C) नेहरू (D) पटेल

75. श्रमिक संघ (Trade Unions) जिस वर्ग से सम्बन्धित हैं, वह है–
(A) संस्थागत समूह (Institutional Groups)
(B) संघीय समूह (Associational Groups)
(C) गैर-संघीय समूह (Non-Associational Groups)
(D) अप्रतिमानित समूह (Anomic Groups)

76. लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए कौन 'लोक विवेक' (Public Reason) पर बल देता है?
(A) मैक्फर्सन (B) हेयक
(C) रॉल्स (D) नॉजिक

77. "मिल खोखली स्वतंत्रता और सैद्धान्तिक व्यक्तिवाद के प्रवर्त्तक थे." यह किसने कहा है?
(A) बार्कर (B) बेन्थम
(C) लॉस्की (D) गार्नर

78. उदारवाद का अग्रदूत (Forerunner) किसे कहा जाता है?
(A) सुकरात (B) ऑस्टिन
(C) हीगेल (D) लॉक

79. 'अभिजन वर्ग के लौह नियम' का प्रतिपादन किया गया है–
(A) पैरेटो द्वारा (B) मिचेल द्वारा
(C) मॉस्का द्वारा (D) बर्नहम द्वारा

80. 'पब्लिक ओपिनियन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) मिल (B) ग्रीन
(C) लिपमैन (D) गान्धी

81. "सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का कोई विकल्प नहीं है." यह कथन है–
(A) एच.जे. लॉस्की का
(B) जे.एस. मिल का
(C) लॉर्ड ब्राइस का
(D) एच.जी. हॉब्सन का

82. भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी–
(A) 7 दिसम्बर, 1946 को
(B) 8 दिसम्बर, 1946 को
(C) 9 दिसम्बर, 1946 को
(D) 10 दिसम्बर, 1946 को

83. "राजनीतिक दल लोगों का एक समूह है, जो ऐसे सिद्धान्त पर सहमत हों जिसके द्वारा राष्ट्रीय हित की पूर्ति की जा सके." यह परिभाषा किसने दी है?
(A) गेटेल (B) गार्नर
(C) मैकाइवर (D) एडमण्ड बर्क

84. यह किसने कहा था कि "स्वतंत्रता अपने आप में केवल एक नहीं अपितु यह बहुआयामी (Manifold) है"?
(A) कोल
(B) मैकाइवर
(C) एच.जे. लॉस्की
(D) टी.एच. ग्रीन

85. ट्रस्टीशिप (प्रन्यास) के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया?
(A) गान्धी (B) अरविन्द
(C) एम.एन. रॉय (D) नेहरू

86. किस प्रकार की समानता में जाति, रंग, नस्ल (Creed) एवं लिंग के आधार पर भेदभाव का निर्मूलन है?
(A) प्राकृतिक समानता (Natural Equality)
(B) सामाजिक समानता (Social Equality)
(C) राजनीतिक समानता (Political Equality)
(D) आर्थिक समानता (Economic Equality)

87. निम्नलिखित में से किसने यह कहा है? "समस्त अधिनायकतंत्रीय प्रणालियों का विशिष्ट दोष यह है वे यह मानकर चलती हैं कि जिनके हाथों में शासन की सत्ता है वे सर्वश्रेष्ठ हैं और कोई भूल नहीं करते हैं."
(A) लेस्ली लिप्सन
(B) अल्फ्रेड कॉबन
(C) टी. वी. स्मिथ
(D) सी. डी. बर्न्स

88. किसने कहा था कि 'राजनीतिक दल मतदाताओं की भीड़ से उत्पन्न अव्यवस्था को व्यवस्था का रूप देते हैं'?
(A) डुवर्जर (B) बेजहाट
(C) लॉर्ड ब्राइस (D) लास्की

89. निम्नलिखित में से किसने लोकतंत्र का 'बहुमत की निरंकुशता' (Tyranny of Majority) के रूप में वर्णन किया है?
(A) रूसो (B) डनिंग
(C) जेम्स मेडिसन (D) डी. टाकविले

90. किसने राजनीतिक दलों की अभिजनवादी व्याख्या (Elitist Explanation) की है?
(A) बर्क (B) लिंकन
(C) शुम्पीटर (D) लॉस्की

91. 'दि स्टेट एण्ड गवर्नमेण्ट इन एन्सियेन्ट इण्डिया' पुस्तक का लेखक कौन है?
(A) के.पी. जायसवाल
(B) ए.एस. अल्टेकर
(C) मनु
(D) कौटिल्य

92. मनु के अनुसार राज्य के अंग थे–
(A) चार (B) पाँच
(C) छह (D) सात

93. शक्तियों के केन्द्रीकरण एवं विभाजन के आधार पर सरकारें वर्गीकृत होती हैं–
(A) अध्यक्षात्मक एवं संसदात्मक के रूप में
(B) एकात्मक (Unitary) एवं संघात्मक (Federal) के रूप में
(C) लोकतांत्रिक एवं तानाशाही (Dispotic) के रूप में
(D) राजतंत्र (Monarchy) एवं कुलीन तंत्र (Aristocracy) के रूप में

94. निम्नलिखित में से क्या संघीय शासन का आवश्यक लक्षण नहीं है?
(A) लिखित संविधान
(B) स्वतंत्र न्यायपालिका
(C) शक्तियों का विभाजन
(D) शक्ति का पृथक्करण

95. एकात्मक शासन (Unitary Government) की विशेषता है–
(A) लिखित और कठोर (Rigid) संविधान
(B) संविधान की सर्वोच्चता
(C) दोहरी नागरिकता (Double Citizenship)
(D) सभी शक्तियाँ केन्द्र में निहित होना

96. संसदीय शासन व्यवस्था में–
(A) व्यवस्थापिका न्यायपालिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(B) व्यवस्थापिका कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(C) कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(D) न्यायपालिका व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायी होती है

97. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं. एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है–
**कथन (A)** : अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था में कार्यपालिका की निर्भरता व्यवस्थापिका पर नहीं होती है.
**कारण (R)** : कार्यपालिका और व्यवस्थापिका की कार्यविधि संविधान द्वारा निर्धारित होती है.
उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं करता है
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

98. निम्नलिखित में से किसने भारत-शासन अधिनियम, 1935 को 'दासता का नया चार्टर' (A New Charter of Bondage) कहा था?
(A) जे. एल. नेहरू
(B) सरदार पटेल
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(D) एम. के. गांधी

99. संविधान सभा में किसने कहा था, "मैं समाजवाद का पक्षधर हूँ, भारत भी समाजवाद का पक्षधर होगा और भारत एक समाजवादी राज्य के संविधान की ओर अग्रसर होगा"?
(A) अलादि कृष्णास्वामी अय्यर
(B) अनन्तशयनम् आयंगर
(C) पं. जवाहरलाल नेहरू
(D) शिब्बनलाल सक्सेना

100. इस तिथि को भारत एक गणतंत्र (Republic) हुआ–
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 26 नवम्बर, 1949
(C) 15 अगस्त, 1947
(D) 8 अगस्त, 1942